# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur







# हवामहल

## कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

**30 जुलाई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 14**

### तितली

आज की कविता

तितलियों के रंग- बिरंगे पंख ही उनकी अनोखी पहचान हैं । जैसे बगीचे में सुंदर सुंदर रंग -बिरंगे फूल खिलते हैं वैसे ही सुंदर सुंदर पंखों वाली तितलियाँ उन पर मंडराती हैं। ये सबके मन को भाती हैं। क्या कहती हैं ये तितलियाँ ? सुनते हैं इस छोटी सी कविता में। कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।





**3+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox**

### गाय का वादा

आज की कहानी

भूखे शेर का शिकार होने से बचने के लिए गाय ने घर में अपने छोटे से बछड़े होने की बात कही, और यह भी कहा कि उसे दूध पिलाकर मैं वापस आ जाऊँगी। गाय ने अपना वादा निभाया। पर शेर ने फिर क्या किया? यह लोककथा सुनने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें ।




**6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox**

### एक अकेली नागफनी

आज की किताब

नागफनी का कोई दोस्त नहीं। वह केले के पेड़ के पास जाती है , अमरूद के पेड़ के पास जाती है, पर वो उसे दोस्त नहीं बनाते। पपीते के पेड़ से उसकी दोस्ती हो जाती है , लेकिन एक दिन ऐसा कुछ होता है कि दोस्ती टूट जाती है। अब कौन बनेगा नागफनी का दोस्त? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर सुनते हैं ये कहानी।



**6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read**

### बॉटल के भीतर

आज की गतिविधि

गुब्बारा फुलाना वैसे तो बहुत आसान है । लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि गुब्बारे को बोतल के भीतर भी फुलाया जा सकता है और वह भी गुब्बारे में फूँक मारे बिना ? आज हम एक ऐसे ही प्रयोग को देखेंगे और सीखेंगे। प्रयोग देखने और उसका आनंद उठाने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।





**6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys**

### गणित में अटकाव - भाषा का भटकाव

टीचर्स कॉर्नर

गणित सीखने-सिखाने में एक बड़ा अहम मसला है उससे जुड़ा हुआ डर। एक तो गणित का स्वरूप ही अमूर्त है और फिर इसी में एक और बात जुड़ जाती है वह है गणित की औपचारिक और मानक भाषा। मुकेश मालवीय ने अपने इस आलेख में इन्हीं मसलों की चर्चा की है। लेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।




**शिक्षकों के लिए। Pathshala**

### बच्चों के साथ परिचय, बालगीत और खेलगीत से करें शुरुआत

हमारा पुस्तकालय

भाषा शिक्षण की शुरूआत कैसे करें? बहुत से शिक्षक साथियों के सामने यह सवाल आता होगा? अगर आपके मन में ऐसे सवाल आते हैं तो यह लेख आपके लिए है। ब्लॉग पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



**शिक्षकों के लिए। Educationmirror**

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 118 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।